पिता साफ कर रहे थे पिस्टल, धोखे से चली, 2 साल की बच्ची की मौत

नोएडा (ईएमएस)। नोएडा के बिसरख में अपनी लाइसेंसी पिस्टल साफ कर रहे कारोबारी ने ध्यान नहीं दिया कि इसके अंदर बुलेट है। सफाई के दौरान गोली चल गई और उनके सामने खेल रही उनकी मासूम बेटी के सिर में लग गई। आनन-फानन में परिजन बच्ची को लेकर गाजियाबाद के निजी अस्पताल में गए दो दिन तक डॉक्टरों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन बच्ची ने दम तोड़ दिया। कविनगर पुलिस ने बच्ची का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर नोएडा पुलिस को सूचना दे दी गई है। पुलिस के अनुसार बिसरख की पंचशील कॉलोनी में रहने वाले विकास शर्मा कारोबारी हैं। परिवार पत्नी के अलावा दो साल की बेटी यति थी। विकास रविवार 24 फरवरी की शाम को घर में अपनी पिस्टल की सफाई कर रहे थे। पत्नी घर के काम में व्यस्त थीं, जबकि यति अपने पापा के पास ही खेल रही थी। पिस्टल की सफाई के दौरान ही अचानक गोली चली। धमाके की आवाज सुनकर पत्नी दौड़ीं तो विकास के पास ही दो साल की मासूम लहूलुहान हालत में पड़ी थी। गोली यति के सिर में लगी थी। आनन-फानन में उसे एनएच-9 स्थित कोलंबिया एशिया अस्पताल लाया गया। कविनगर थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा का कहना है कि बच्ची की मौत मंगलवार सुबह हो गई है। उसका दो दिन से यहां इलाज चल रहा था। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। इस मामले में आगे की कार्रवाई नोएडा पुलिस द्वारा की जाएगी, जिसकी सूचना उन्हें दे दी गई है।

बिहार में बैंक के सामने ही 48 लाख लूट लिये अपराधियों ने, ताबड़तोड़ फायरिंग भी की

सारण । अब बेखौफ अपराधियों ने बैंक के सामने ही कैश वैन से 48 लाख रुपए लूट लिये। दहशत फैलाने के लिए अपराधियों ने ता?बड़तोड़ फायरिंग भी की। मामला बिहार के सारण जिला स्थित गड़खा थाना क्षेत्र का है। कदना गांव स्थित इलाहाबाद बैंक के सामने से कैश वैन रुपए लूट कर सभी अपराधी बाइक से आसानी से फरार हो गये। इस दौरान बदमाशों ने बैंक के गार्ड से उसकी दो नाली बंदूक भी छीन ली थी। उस बंदूक को घटना को अंजाम देने के बाद थोड़ी दूर पर जाकर फेंक दिया।

48 लाख की इस बड़ी लूट की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस के साथ सारण के पुलिस कप्तान हरकिशोर राय मौके पर पहुंच

गए। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए आसपास के इलाकों की नाकेबंदी कर दी गई है। एसपी ने बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए कई थानों की पुलिस व स्पेशल टीम को लगाया गया है।

दरअसल छपरा स्थित आईडीबीआई बैंक से कैश ले जाने के लिए कदना गांव स्थित इलाहाबाद बैंक से बैंक कर्मी व सुरक्षाकर्मी छपरा आए थे। छपरा से आईडीबीआई बैंक से 48 लाख रूपये कैश लेकर सीएमएस कंपनी की गाड़ी से वे लोग कदना गांव स्थित इलाहाबाद बैंक जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कैश वैन रुपए लेकर इलाहाबाद बैंक पहुंचे। वहां वैन को खड़ा कर चालक व सुरक्षाकर्मी के साथ अन्य बैंक कर्मी कैश से भरा बक्सा लेकर बैंक में जाने लगे। इसी बीच तीन अपाची मोटरसाइकिल पर सवार छह अपराधी वहां पहुंचे और ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए रुपए से भरा बक्सा छीन लिया। इस क्रम में बदमाशों ने सुरक्षा गार्ड की दोनाली बंदूक भी छीन लिया। इसके बाद रुपयों से भरा बक्सा और बंदूक लेकर बदमाश फरार हो गए।

संक्षिप्त समाचार

ग्राम पंचायत भवन के पुन: उदघाटन पर उठाये सवाल: जांच की मांग

बस्ती(ईएमएस)। बस्ती सदर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत ओरई के पूर्व ग्राम प्रधान संजय प्रधान ने आरोप लगाया है कि वर्तमान ग्राम प्रधान अनिल और सचिव ने मिलीभगत कर उनके कार्यकाल में बनवाये गये ग्राम पंचायत भवन का पुन: उदघाटन करा दिया। प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से पूर्व ग्राम प्रधान संजय प्रधान ने बताया कि उनके कार्यकाल में वर्ष 2004 में ग्राम पंचायत भवन का निर्माण कराया गया था और उन्होने स्वयं नागरिकों की उपस्थिति में इसका उद्घाटन भी किया था। ग्राम पंचायत भवन में बैठक आदि की गतिविधियां नियमानुसार संचालित की जाती थी। पुन: 25 फरवरी को ग्राम पंचायत भवन का उद्घाटन कराने का कोई औचित्य नही है। आरोप लगाया कि सरकारी धन हड़पने की नीयत से इसका दोबारा उद्घाटन कराया गया। मांग किया कि इसकी जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित कराया जाय।

अचानक पिस्टल से चली गोली लगने से बच्ची की मौत

ग्रेटर नोएडा (ईएमएस)। रविवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित पंचशील सोसाइटी में पिता की पिस्टल से चली गोली लगने से घायल हुई 2 वर्षीय बच्ची की मंगलवार सुबह मौत हो गई। घायल बच्ची को इलाज के लिए गाजियाबाद के अस्पताल भर्ती किया गया था। हालांकि बिसरख पुलिस ने मामले की जानकारी ना होने की बात कही। पंचशील सोसाइटी में पेशे से कारोबारी विकास शर्मा अपने परिवार के साथ रहते थे। जानकारी के अनुसार रविवार शाम वह अपनी पिस्टल की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान पिस्तौल से अचानक गोली चल गई, जो सामने खेल रही बेटी यति के सिर में लग गई। विकास ने बेटी को तुरंत गाजियाबाद के लालकुआं के पास कोलंबिया एशिया अस्पताल भर्ती कराया। कविनगर थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा के अनुसार 2 दिन तक इलाज चलने के बाद मंगलवार सुबह बच्ची ने दम तोड़ दिया। मामले में आगे की कार्यवाही नोएडा पुलिस द्वारा की जाएगी। बिसरख पुलिस को इसकी सूचना दे दी गई है। जानकारी मिलने पर पिस्टल के लाइसेंस धारक की लापरवाही को देखते हुए लाइसेंस निरस्त करने की रिपोर्ट प्रशासन को दे दी जाएगी।

कार की चपेटमेंआकरपति-पत्नी की मौत

आगरा (ईएमएस) । थाना अछनेरा के अंतर्गत कार की चपेट में आकर मोटर साइकिल सवार पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गयी। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अंतर्गत नरेश चंद निवासी गौंव रायभा आज सुबह अपनी पत्नी को मोटर साइकिल से लेकर अछनेरा दवा दिलाने के लिए ले जा रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रही कार ने मोटर साइकिल सवार पति-पत्नी को अपनी चपेट में ले लिया । जिससे पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गयी। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्ट मार्टम के लिये भेज दिया।

गाजियाबाद में 2 मेट्रो स्टेशनों के बदले नाम

गाजियाबाद (ईएमएस)। दिलशाद गार्डन से नया बस अड्डा मेट्रो रूट के दो स्टेशनों का नाम बदल दिया गया है। अब नया बस अड्डा मेट्रो स्टेशन को शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन और राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन को मेजर मोहित शर्मा राजेंद्र नगर स्टेशन के नाम से जाना जाएगा। 9.6 किलोमीटर लंबे इस मेट्रो रूट पर कुल आठ स्टेशन हैं। इनमें से दो स्टेशनों का नाम बदलने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। स्थानीय सांसद सहित मुख्यमंत्री तक को ज्ञापन भेजकर लोगों ने स्टेशनों का नाम बदलने की मांग उठाई थी। लोगों की भावनाओं को देखते हुए प्रमुख सचिव नितिन रमेश गोकर्ण ने इन दोनों स्टेशनों का नाम बदलते हुए इस संबंध में डीएमआरसी और आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय को पत्र भेज दिया। अब इन दोनों स्टेशनों का नाम में परिवर्तन हो चुका है। ऐसे में जल्द ही डीएमआरसी इन दोनों स्टेशनों पर लिखे नामों और इस रूट पर चलने वाली मेट्रो में लिखे नामों में बदलाव किया जाएगा। सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने कहा था कि दोनों स्टेशनों के नाम बदलने के संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से वार्ता हो चुकी है। उन्होंने इस संबंध में सहमति दे दी है। जल्द ही आदेश जारी हो जाएगा।

जिस गरीब सफाईकर्मी के कोई पैर नहीं छूना चाहता, उसके पीएम मोदी ने पांव पखारे : योगी

लखनऊ (ईएमएस)। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्वेश्वरैया सभागार में धम्म सभा में शिरकत करते हुए सभा को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म एक शाश्वत है। इस सीमित नहीं रखा जा सकता है। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में प्रदेश सरकार काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने हर गरीब का एक खाता खुलवाया। हर गरीब को रसोई का कनैक्शन दिलवा दिया। अब हर गरीब के खाते में सीधा पैसा आएगा। योगी ने कहा कि जिस मानवता के कल्याण के लिए आज से हजारों साल पहले तथागत ने जो संदेश दिया था, उस इमानदारी के साथ भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ही लागू किया है। प्रधानमंत्री ने गरीबी देखी है, इसकी वजह से उन्होंने बैंकों में हर गरीब का एक खाता खुलवाया। हर गरीब को रसोई का कनैक्शन दिलवा दिया।

अब हर गरीब के खाते में सीधा पैसा आएगा। योगी ने कहा कि इतना ही नहीं कुंभ में प्रधानमंत्री ने सफाई कर्मियों के पांव पखारे। इससे बड़ा मानवता का उदाहरण दूसरा क्या हो सकता है। जिस गरीब सफाईकर्मी को लोग छूने से परहेज करते थे, आज देश का प्रधानमंत्री उस गरीब का पांव पखार रहा है। मानवता का कल्याण इससे बड़ा दूसरा नहीं हो सकता।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने इस शाश्वत मूल्यों और आदर्शों के साथ जोड़ने का प्रयास किया, जो हमें सदाचार और नैतिक मूल्यों के साथ जोड़ने का काम करता है। तथागत का पूरा जीवन धम्म के शाश्वत मूल्यों का एक जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जब भी विश्व मानवता के कल्याण की बात आती तो हम सबके दिमाग में सहसा एक ही नाम आता है, वह नाम है महात्मा बुद्ध का, तथागत का। महात्मा बुद्ध का वचन है दुख है, दुख का कारण भी है, उसका निवारण भी है।

दो बाइकों की टक्कर में दंपत्ति की मौत

जालौन (ईएमएस)। जिले में कोच कोतवाली क्षेत्र के पनियारा मनोरी गांव के पास दो बाइक सवारों की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में पति-पत्नी की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक विनय नारायण (40) अपनी पत्नी किरण (36) के साथ बाइक पर सवार होकर सोमवार की रात उरई की ओर जा रहे थे। मनोरी गांव के पास विपरीत दिशा से मुन्नालाल भी बाइक से आ रहे थे। दोनों बाइक की जबरदस्त टक्कर हो गई। पति पत्नी विनय नारायण एवं किरण की घटनास्थल पर मौत हो गई तथा गंभीर रूप से घायल मुन्ना को जिला अस्पताल उरई भिजवाया गया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

शहर व देहात में तिरंगा लेकर सड़कों पर निकले लोग

अलीगढ़ (ईएमएस)। पुलवामा आंतकी हमले का भारत द्वारा दिए जवाब से मंगलवार की सुबह से ही अलीगढ़ में जश्न का माहौल शुरू हो गया। शहर व देहात में लोग तिरंगा लेकर सड़क पर निकल आए। साथ ही वंदेमातरम, भारत माता की जय आदि के नारे लगाते हुए लोगों ने पैदल मार्च निकाला और खुशी में बाइक पर रैली निकाली। पुलवामा में किए गए आतंकी हमला का भारतीय सैनिकों की जवाबी कार्रवाई में इंडियन आमब ने पीओके में घुसकर कई आतंकी शिविर को नेस्तनाबूत कर दिए। आतंकियों को मार गिराए जाने की घटना को लेकर अलीगढ़ में जगह-जगह खुशी एवं जश्न का माहौल रहा। इस दौरान कई स्थानों पर पटाखे छोड़े गए। मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई गई। युवा सड़कों पर उतर आए। सभी ने एक स्वर से भारत की इस कार्रवाई का समर्थन करते हुए कहा कि पाक के साथ इसी प्रकार का जवाब होना चाहिए। शहर में धर्म समाज महाविद्यालय के गेट के बाहर तिरंगा लेकर जश्न मनाया।

तेज रफ्तार कार ने शख्स को कुचला, फिर नाले में पलटी कार, 2 लापता

गाजियाबाद (ईएमएस)। गाजियाबाद के निवाड़ी थाना क्षेत्र में आज एक बड़ा हादसा हो गया जिसमें एक शख्स की मौत हो गई जबकि दो लोग लापता हो गए हैं। दरअसल निवाड़ी थाना क्षेत्र में सुबह अपर गंगा कैनाल मार्ग पर एक बड़ा हादसा हो गया। इस मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार ने एक साइकिल सवार व्यक्ति को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। हालांकि इसके बाद अनियंत्रित कार भी नहर में जा गिरी। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों व राहत बचाव टीम की मदद से कार नहर से निकाली। कार के अंदर दो आईडी कार्ड जरूर मिले लेकिन उसमें बैठा एक भी शख्स नहीं मिला। पुलिस को कार के अंदर से नितिन जैन पुत्र घनश्याम निवासी दौराला व दीपक शर्मा पुत्र रामकुमार निवासी कुराली की वोटर आईडी व ड्राइविंग लाइसेंस मिले हैं। पुलिस गोताखोरों की मदद से कार में सवार लोगों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। साइकिल सवार मृतक की पहचान विपिन के रूप में हुई है।

कन्नौज से इस बार अखिलेश लड़ेंगे लोकसभा चुनाव, डिम्पल संभालेंगी प्रचार की कमान

लखनऊ (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश की कन्नौज लोकसभा सीट पर कई दशक से समाजवादी पार्टी (सपा) का कब्ज़ा रहा है। चर्चा है कि इस बार इस सीट से अखिलेश यादव चुनाव लड़ेंगे। भाजपा ने इस बार इस सीट पर बड़े उलटफेर की तैयारी शुरू कर दी है। वर्तमान में उनकी पत्नी डिंपल यादव इस सीट से लोकसभा सदस्य हैं। उल्लेखनीय है कि सन 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर के बावजूद डिम्पल यादव ने कन्नौज सीट पर सम्मानजनक अंतर से जीत दर्ज की थी। इस बीच चर्चा है कि इस बार डिंपल इस सीट से चुनाव नहीं लड़ेंगी। इस बार अखिलेश यहां से उम्मीदवार होंगे और डिंपल उनके चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी संभालेंगी।

कन्नौज हमेशा से समाजवादियों के दिल में बसता रहा है। भाजपा हर हाल में कन्नौज की सीट जीतना चाहती है। सन 2014 के लोकसभा चुनाव में कानपुर बुंदेलखंड की 10 लोकसभा सीटों में से भाजपा ने 09 सीटों पर भगवा लहराया था। लेकिन भाजपा कन्नौज की सीट पर भगवा लहराने में कामयाब नहीं हो सकी थी। डिम्पल यादव ने कन्नौज से सपा की यह सीट बचा ली थी। 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में आए परिणाम के बाद एक बार भाजपा के अन्दर इस बात की आस फिर से जगी है कि कन्नौज की लोक सभा सीट जीती जा सकती है। इसके पीछे वजह यह है कि कन्नौज की तीन विधानसभा सीटों में से दो सीटों पर भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की है।

कन्नौज की सदर विधानसभा से सपा के अनिल दोहरे ने जीत हासिल की थी, छिबरामाऊ से भाजपा की अर्चना पाण्डेय और तिर्वा विधानसभा से भाजपा के कैलाश राजपूत ने जीत हासिल की थी। भाजपा में इसी बात को लेकर उत्साहित है कि इस बार वह कन्नौज लोकसभा सीट को जीत सकती है। सपाईयों के इस गढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी जनसभा कराने की तैयारी की जा रही है। मुलायम सिंह यादव के इस बार मैनपुरी से चुनाव लड़ने की संभावना है। इस बात का ऐलान अखिलेश यादव ने पिछले ही साल किया था।

रंग-संसार

प्रभास-अनुष्का जापान में करेंगे मिर्ची लगाने वाला काम

फिल्म अभिनेता प्रभास अपनी मशहूर फिल्म बाहुबली के बाद से लगातार चर्चा में बने हुए हैं। प्रभास जहां पूरी दुनिया में फिल्म को लेकर मशहूर हुए हैं तो वहीं वो अपने रिलेशनशिप के कारण भी सुर्खियां बटोर रहे हैं। सूत्रों की मानें तो इन दिनों प्रभास और अनुष्का एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। यह अलग बात है कि इन दोनों ने ही इसकी पुष्टि अभी तक आधिकारिक तौर पर नहीं की है, इसलिए कयास पर कयास लगाए जा रहे हैं। इसी बीच खबर यह है कि प्रभास और अनुष्का जल्द ही जापान जाने वाले हैं। दरअसल जापान में 2 मार्च को इनकी फिल्म मिर्ची की स्क्रीनिंग होने जा रही है। फिल्म स्क्रीनिंग में शरीक होने के लिए ही अनुष्का-प्रभास जापान जा रहे हैं। इस खबर से कुछ लोगों को सच में मिर्ची लग रही है। दोनों के साथ जापान जाने की खबर से उनके रिश्ते को लेकर फिर से अफवाहें उड़ने लगी हैं। यहां आपको बतला दें कि प्रभास जब अपने कोस्टार राणा डगुबती और बाहुबली डायरेक्टर एसएस राजामौली के साथ एक टॉक शो में पहुंचे थे तो यहां भी उनके रिश्तों और संबंधों को लेकर बात हुई थी। तब प्रभास ने अनुष्का को लेकर बड़ा बयान दिया था। बकौल प्रभास, जब कोई दो लोग दो साल तक साथ-साथ काम करते हैं तो उनको लेकर लिंकअप की खबरें आना आम बात हो जाती है। फिर भी मैं अनुष्का को डेट नहीं कर रहा हूं। आप चाहें तो इस संबंध में राजामौली से पूछ सकते हैं।% इससे पहले अनुष्का कह चुकी हैं कि वो प्रभास के साथ रिलेशन में नहीं हैं, फिर भी जापान तो साथ-साथ ही जा रहे हैं, ऐसे में कुछ लोगों को खुशी तो कुछ को मिर्ची तो लगना तय है।

अजय देवगन का बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड

बॉलीवुड स्टार अजय देवगन की फिल्म %टोटल धमाल% ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई करके उन आलोचकों का मुंह बंद करा दिया है, जो कह रहे थे कि यह फिल्म तो औंधेमुंह गिरेगी। सबसे बड़ी बात यह है कि यह फिल्म नॉन हॉलिडे वीकेंड में रिलीज हुई थी, लेकिन फिल्म ने वीकेंड में कई सारे रिकॉर्ड अपने नाम कर सभी को चौंकाने वाला काम कर दिया। फिल्म की कमाई के बारे में ट्रेड एनालिस्ट कुछ दिलचस्प फैक्ट्स साझा करते हुए कहते हैं कि टोटल धमाल, अजय देवगन के फिल्मी करियर में ओपनिंग वीकेंड के दौरान सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तीसरी बड़ी फिल्म बन गई है। बताया जाता है कि इस फिल्म से पहले इंडिपेंडेंस हॉलिडे पर रिलीज हुई %सिंघम रिटर्न% ने ओपनिंग वीकेंड में 77.69 करोड़ जबकि दीपावली पर रिलीज की गई गोलमाल अगेन ने भारतीय बाजार में 87.60 करोड़ रुपये कमाए थे। अजय देवगन की अब टोटल धमाल ने नॉर्मल ओपनिंग वीकेंड में 62.40 की कमाई करके एक तरह का नया रिकॉर्ड बना लिया है। बॉक्सऑफिस के जानकार बता रहे हैं कि टोटल धमाल ने रविवार को 25.50 करोड़ की कमाई की, इसलिए उम्मीद है की यह फिल्म जल्द ही 100 करोड़ी क्लब में शामिल हो जाएगी। यहां आपको बतला दें कि टोटल धमाल का निर्देशन इंद्र कुमार ने किया है और यह फिल्म हिट फ्रेंचाइजी %धमाल% की तीसरी सिरीज है। पहले दोनों पार्ट में संजय दत्त ने अभिनय किया था, लेकिन वह तीसरे पार्ट से बाहर हो गए। संजू बाबा की जगह ही अजय देवगन को कास्ट किया गया और उनके साथ ही अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित, रितेश देशमुख, जावेद जाफरी, संजय मिश्रा, बोमन ईरानी, ईशा गुप्ता और जानी लीवर जैसे बड़े कलाकारों ने अपने अभिनय का जादू बिखेरा है।

गोपी बहू ने ग्लैमरस फोटोशूट करा किया सभी को हैरान

छोटे पर्दे पर अपने अभिनय से धूम मचाने वाली अदाकारा गोपी बहू यानी देवोलीना भट्टाचार्जी ने ग्लैमरस फोटोशूट कराकर सभी को चौंकाने जैसा काम किया है। गौर तलब है कि सीरियल %%साथ निभाना साथिया%% में गोपी बहू का किरदार निभाने वाली देवोलीना शो के ऑफएयर होने के बाद भी सुर्खियां बटोर रही हैं। दरअसल वो सोशल मीडिया पर लगातार एक्टिव रहती हैं। टीवी एक्ट्रेस ने न्यू लुक वाले ग्लैमरस फोटोशूट करा कर सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीर में ओवरसाइज व्हाइट शर्ट में देवोलीना कूल नजर आती हैं, जिसके कैप्शन पर उन्होंने लिखा कि %इस लड़की से मैं बेहद प्यार करती हूं। आप सोच रहे होंगे कि मैं ओबसेस्ड हूं। खुद से प्यार करना भी एक वरदान है। मैं जो हूं वो हूं।% गौरतलब है कि टीवी सीरियल साथ निभाना साथिया में तो देवोलीना ने बहुत ही सीधी-सादी बहू का किरदार निभाया था, ऐसे में उन्हें अपनी छवि और लुक चेंज करने की महती आवश्यकता थी।

दमण से दीव डेली बस सेवा
स्लीपर कोच बस सर्विस

भारत ट्रावेल्स

*दमण से डेली शामं 5.00 बजे रवाना
दीव पहुचेंगी अगले दिन प्रात। 8.30 बजे
* दीव से डेली शामं 6 बजे रवाना
दमण पहुचेंगी अगले दिन प्रात। 10 बजे

बुकिंग के लिए सम्पर्क करें
भारत ट्रावेल्स, अस्पी पेट्रोल पम्प के सामने
नानी दमण - (0260) 2251990
प्रो. राजू भाई -9426989796 बटुक भाई-9429433034